संख्या- 42/2024/I/698835/2024/001-71-4099- 1088 -2021

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान,
नोएडा ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 23 जुलाई, 2024

विषयः- बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि रू० 15.00 करोड़ के सापेक्ष धनरशि रू० 15.00 करोड़ (रुपये पन्द्रह करोड़ मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-पी0जी0आई0सी0एच0, नोएडा/निदे0/373/2024, दिनांक-08.07.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा हेतु वित्तीय वर्ष-2024-25 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र की प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष संस्थान के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रस्ताव के साथ उपलब्ध करायी गयी सूची को अनुमोदित करते हुए उपकरणों (उपकरणों की अनुमोदित सूची संलग्न), को क्रय किये जाने हेतु रू० 15,00,00,000.00 (रूपया पन्द्रह करोड़ मात्र) की धनराशि अवमुक्त करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

1. सुसंगत वित्तीय व क्रय नियमों और प्रावधानों का पालन करते हुये पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और उपयोगी उपकरण क्रय किये जायें। सभी उपकरणों की विशिष्टियों, गुणवत्ता, नियमानुसार युक्तिसंगत दरों के निर्धारण के साथ सम्बन्धित फर्म की शुचिता आदि की जिम्मेदारी सम्बंधित निदेशक की होगी।

2. उपकरणों की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार आपूर्ति प्राप्त किये जाने का दायित्व संबंधित निदेशक का होगा।
3. उपकरणों के क्रय के उपरान्त विभागीय बजट में अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप पर वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यों/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्हीं अन्य कार्यों/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जब उपकरणों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए। स्वीकृत की जा रही धनराशि डाकघर अथवा बैंक खाते में अनावश्यक नहीं रखी जायेगी।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
7. सूची में अनुमोदित उपकरणों का क्रय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही सुनिश्चित किया जायेगा। आगामी वित्तीय वर्ष में क्रय किये जाने की दशा में पुनः सूची पर अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
8. यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरणों की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध हैं तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।
9. उपलब्ध कराये गए प्रस्ताव में इंगित/अनुमानित दरों के आधार पर उक्त स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसके आधार पर ही नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।
10. उपकरणों के कय में 05 वर्ष की वारण्टी/सी0एम0सी0/ई-प्रोक्योरमेन्ट में इस बिन्दु को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।
11. उपकरणों का क्रय वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ही किया जायेगा।
12. वास्तविक आवश्यकता/उपयोगिता के आधार पर ही उपकरणों के क्रय की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 15,00,00,000 (रुपये पन्द्रह करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक 4210031057000 सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षणिक संस्थान, नोएडा मानक मद 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज ।
8. नोडल अधिकारी/ उप सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-42/2024/I/**698835**/2024/001-71-4099-1088-2021,दिनांक-23.07.2024 का संलग्नक

List of Equipments demand for financial year 2024-25

S.No	Department	Name of equipment	Justification	Qty. required	Approximate per unit Cost	Approximate Total Cost
01	Cardiology	Cath Lab	This item was approved in the list of the financial year 2023-24 and the tender process was completed in March, 2024. We could not purchase due to the cancellation of HLPC in the code of conduct for election 2024. Now, the HLPC meeting was conducted on 15-06-2024 and was approved for purchase in FY 2024-25.	01	9,00,00,000.00	9,00,00,000.00
02	Pathology	Laminar Air Flow		01	2,50,000.00	2,50,000.00
03		CO2 Incubator		01	8,50,000.00	8,50,000.00
04	Ophthalmology	Portable modular retinal camera for premature babies/Neonatal eye screening (ROP device)	Required for ROP screening of pre mature baby.	01	35,00,000.00	35,00,000.00
05	Paediatric Anaesthesia	Non/semi invasive cardiac output monitor based on Doppler principle	For monitoring the correct fluid therapy as per goal directed fluied therapy	01	35,00,000.00	35,00,000.00
06		Non Invasive Hemoglobinometer	Per Operaive monitoring of hemoglobin	01	8,00,000.00	8,00,000.00
07	Paediatric Surgery	Diathermy	One of the Paediatric surgery OT cautery is used since beginning of institute which has started malfunctioning needed for routine work	01	8,00,000.00	8,00,000.00
08		Pediatric fine open hand instruments	specific fine open surgery instruments used in Pediatric surgery	01 set	25,00,000.00	25,00,000.00
09	Paediatrics	Computer Based Spirometer functioning on Ultrasonic Flow Sensor Technology	For better assessment of children visiting Asthma special clinic	01	2,00,000.00	2,00,000.00
10	PHO	Infusion Volumetric pump	For administration of IV fluid and other medication in PHO and BMT Ward	40	80,000.00	32,00,000.00
11		Integrated infusion Pump	FOR sick patient in BMT and PHO Ward	08	1,00,000.00	8,00,000.00
12		Multi para monitor	FOR monitoring of PHO and BMT patient	10	1,00,000.00	10,00,000.00
13		PATIENT BED (Fowler/ semi fowler)	For PHO Ward	10	50,000.00	5,00,000.00
14		DIGITAL X-RAY MACHINE	To bed in PHO ward	01	25,00,000.00	25,00,000.00
15		VENTILATOR	For New BMT ward	02	24,00,000.00	48,00,000.00
16		Ultrasound machine	FOR new BMT ward	01	18,00,000.00	18,00,000.00
17	Paediatric Gastroenterology	Ambulatory 24 hour Ph monitor and impedance recorder	Needed for diagnosis of esophageal reflux diseases in children	01	21,00,000.00	21,00,000.00
18	Cardiac Surgery	Micro Hand Instruments for Cardiac Surgery	Essential instrument for Cardiac Surgery	01	10,00,000.00	10,00,000.00

19	Neonatology	Otoacoustic emission instrument	For hearing assessment of sick newborns	01	4,50,000.00	4,50,000.00
20		CPAP (continuous positive airway pressure) machine	Life-saving equipment to deliver non-invasive ventilation in newborns	03	4,00,000.00	12,00,000.00
21		Transcutaneous bilirubinometer	For non-invasive assessment of bilirubin in neonates	01	2,00,000.00	2,00,000.00
22	Biochemistry	Semi-automatic newborn screening analyser	Needed to start new tests for screening of metabolic disorders	01	64,00,000.00	64,00,000.00
23	Transfusion Medicine	Autoclave	Essential for B.T. & Component	01	3,50,000.00	3,50,000.00
24		Platelet agitator		01	7,00,000.00	7,00,000.00
25	Genetic/Research facility Lab	Sanger Sequencer System	Basic Equipment required for starting medical genetics department/Research lab.	01	1,74,00,000.00	1,74,00,000.00
26		Master cycler Gradient with heated Lid (gradient)		01	8,00,000.00	8,00,000.00
27		Electrophoresis UNIT		01	8,00,000.00	8,00,000.00
28		Spectrophotometer (Nano drop)		01	4,00,000.00	4,00,000.00
29		Liquid Nitrogen Tank		03	1,00,000.00	3,00,000.00
30	Paediatric Dentistry	Dental Radiovisiography (RVG) Unit with accessories	RVG is required for taking digital X ray for diagnostic & treatment purposes	01	4,00,000.00	4,00,000.00
31		Dental Endomotor with Apex Locator	Dental Endomotor is required for teeth preparation during root canal treatment. Its use results in effective biomechanical preparation of root canal space.	01	5,00,000.00	5,00,000.00
					G. Total	**15,00,00,000.00**

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।